-:प्रेस नोट:-

दिनांक- 05.12.2024

कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

- **श्रीमान मंडलायुक्त चित्रकूटधाम मंडल , श्रीमान पुलिस उपमहानिरीक्षक चित्रकूटधाम परिक्षेत्र बांदा, जिलाधिकारी बांदा व पुलिस अधीक्षक बांदा द्वारा शहर क्षेत्र में पैदल गश्त कर तेज ध्वनि (साउंड पॉल्यूशन) के खिलाफ चलाया गया विशेष अभियान।**

विवरण- आज दिनांक 05.12.2024 को सुबह श्रीमान मंडलायुक्त चित्रकूटधाम मंडल श्री बालकृष्ण त्रिपाठी, श्रीमान पुलिस उपमहानिरीक्षक चित्रकूटधाम परिक्षेत्र बांदा श्री अजय कुमार सिंह, जिलाधिकारी बांदा श्री नागेंद्र प्रताप व पुलिस अधीक्षक बांदा श्री अंकुर अग्रवाल द्वारा शहर क्षेत्र में पैदल गश्त कर तेज ध्वनि (साउंड पॉल्यूशन) के खिलाफ विशेष अभियान चलाया गया। विशेषकर उन स्थानों पर जहां तेज आवाज़, पार्टी शोर और अनावश्यक ध्वनि प्रदूषण के कारण स्थानीय निवासियों को असुविधा होती है । सभी प्रकार के ध्वनि प्रदूषण जैसे कि तेज म्यूजिक सिस्टम, सार्वजनिक आयोजनों में शोर और अन्य अव्यवस्थित ध्वनियों को नियंत्रित करने के लिए विशेष अभियान चलाया गया जिससे जनपद में शांति और सुखमय वातावरण बना रहे तथा नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कड़ी से कड़ी कार्यवाही की जाएगी।